आठ सप्ताह हेतु

वैकल्पिक अकादमिक कैलेंडर

प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए

भाग 2

आठ सप्ताह हेतु

वैकल्पिक अकादमिक कैलेंडर

प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए

भाग 2

विद्ययाऽमृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

प्रथम संस्करण
जून 2020 आषाढ़ 1942

PD 1T SU

© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2020

सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशन प्रभाग द्वारा पी.डी.एफ. रूप में आनलाइन प्रकाशित।

सर्वाधिकार सुरक्षित

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फ़ोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रचारण वर्जित है।
- इस पुस्तक की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशन की पूर्व अनुमित के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टिकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।

एन. सी. ई. आर. टी. के प्रकाशन प्रभाग के कार्यालय

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस
श्री अरविंद मार्ग
नयी दिल्ली 110 016 फ़ोन : 011-26562708

108, 100 फ़ीट रोड
हेली एक्सटेंशन, होस्डेकेरे
बनाशंकरी III इस्टेज
बेंगलुरु 560 085 फ़ोन : 080-26725740

नवजीवन ट्रस्ट भवन
डाकघर नवजीवन
अहमदाबाद 380 014 फ़ोन : 079-27541446

सी.डब्ल्यू.सी. कैंपस
निकट: धनकल बस स्टॉप पिनहटी
कोलकाता 700 114 फ़ोन : 033-25530454

सी.डब्ल्यू.सी. कॉम्प्लैक्स
मालीगाँव
गुवाहाटी 781021 फ़ोन : 0361-2676869

प्रकाशन सहयोग

अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग : *अनूप कुमार राजपूत*
मुख्य संपादक : *श्वेता उप्पल*
मुख्य उत्पादन अधिकारी : *अरुण चितकारा*
मुख्य व्यापार प्रबंधक (प्रभारी) : *विपिन दिवान*

आवरण
श्वेता राव

रमेश पोखरियाल 'निशंक'
Ramesh Pokhriyal 'Nishank'

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
MINISTER
HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

आज विश्व के कई देश जिसमे भारत भी शामिल है एक जुट होकर हिम्मत के साथ कोविड-19 नामक विषाणु के प्रकोप का सामना कर रहे हैं। हमारे शिक्षक और विद्यार्थी इस समय घरों में हैं ताकि इस कोविड-19 को फैलने से रोका जा सके। हमारे इन शिक्षकों और बच्चों के सीखने का क्रम न टूटे, इसके लिए, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कई प्रयास किए गए है। कक्षावार ई-संसाधन और ई-पाठ्यपुस्तकें, विभिन्न ऑन-लाईन प्लैटफ़ार्म जैसे ई-पाठशाला, एन.आर.ओ.ई.आर. और दीक्षा पर उपलब्ध है, ताकि बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थी स्व-अधिगम कर सकें और प्रारम्भिक कक्षाओं के विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के मार्ग दर्शन में सीख सकें। हमारे इन प्रयासों में एक और पहलकदमी – **वैकल्पिक अकादमिक कैलेंडर है।** जब तक स्कूल नहीं खुलते, तब तक सभी कक्षाओं के विद्यार्थी, इस कैलेंडर का अनुकरण कर स्कूली शिक्षा को घर पर ही व्यवस्थित ढंग से अपने अध्यापकों की मदद से ले सकते हैं। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक अवस्था के विद्यार्थियों के अभिभावकों को अध्यापकों द्वारा फोन, एस.एम.एस., रेडियो, टेलिविजन या विभिन्न सोशल मीडिया द्वारा गतिविधिओं को कराने के संबंध में दिशा निर्देश दिये जाएंगे। यह गतिविधियां विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम और सीखने के प्रतिफलों से संबन्धित होंगी। शिक्षक विद्यार्थियों से भी मोबाइल अथवा सोशल मीडिया द्वारा संपर्क स्थापित कर उन्हे मार्ग दर्शन दे सकेंगे। इस कैलेंडर को एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा विकसित किया गया है और इसमे राज्यो के संदर्भों के लिए उपयुक्त स्थान दिया गया है।

मै आशा करता हूँ, सभी राज्य और संघ शासित प्रदेश इसे लागू कर स्कूली विद्यार्थियों के अधिगम को नए आयाम प्रदान करेंगे और इस कठिन समय में भी हमारे शिक्षक, न केवल बच्चों के तनाव और चिंताओं को कम करने में बल्कि बच्चों को रुचि पूर्ण और प्रतिभागिता वाले वातावरण में सीखने के लिए अभिप्रेरित करने में सफल होंगे।

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

स्वच्छ भारत

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698, Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.hrd@gov.in

आमुख

कोविड-19, जिसे वैश्विक महामारी घोषित किया जा चुका है, के समय में आज हमारे शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी घरों में रहकर कोरोना नामक विषाणु को समुदाय में फैलने से रोककर एक अहम भूमिका निभा रहें हैं। ऐसे में हमारा यह उत्तरदायित्व बनता है कि हम उन विद्यार्थियों और शिक्षकों को घर पर ही सीखने-सिखाने के वैकल्पिक तरीकों की जानकारी दें और व्यवस्थित ढंग से उनके पाठ्यक्रम में दिए गए विषयों से उन्हें रुचिकर तरीकों से जोड़ें। यह इसलिए भी आवश्यक है कि हमें इस तनाव और निष्ठा के मिले-जुले वातावरण में बच्चों को न केवल व्यस्त रखना है, बल्कि उनकी अपनी नई कक्षाओं में सीखने की निरंतरता को बनाए रखना है। इसी संदर्भ में एनसीईआरटी ने विद्यालय की सभी अवस्थाओं के लिए **वैकल्पिक अकादमिक कैलेंडर** का विकास किया है।

शुरुआत में इस कैलेंडर को चार सप्ताह के लिए बनाया गया था, जिसे आगे आठ सप्ताह के लिए विस्तारित किया गया है। इस कैलेंडर में कक्षा पाठ्यक्रम से थीम लेकर उन्हे सीखने के प्रतिफलों के साथ जोड़कर रुचिकर गतिविधियों के माध्यम से सीखने के दिशानिर्देश दिए गए हैं। इस बात का ध्यान रखा गया है कि शिक्षक कक्षा में नहीं हैं और उनके सभी विद्यार्थियों के पास वर्चुअल कक्षा की सुविधा भी नहीं है, इसलिए इन गतिविधियों को शिक्षकों के दिशानिर्देश में अभिभावकों द्वारा कराया जाएगा। शिक्षक, साधारण मोबाइल फ़ोन से लेकर इंटरनेट आधारित विभिन्न तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके विद्यार्थी और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करेंगे और इस कैलेंडर के आधार पर विभिन्न विषयों में गतिविधियों को कराए जाने संबंधी मार्गदर्शन देंगे।

इस कैलेंडर में सामान्य दिशानिर्देशों और विषय-विशेष की गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न तकनीकी और सोशल मीडिया उपकरणों के उपयोग संबंधी तथा तनाव और चिंता दूर करने के तरीकों के विषय में भी विस्तृत सामग्री है। इसमें कला शिक्षा और स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा को भी जोड़ा गया है। इसमें हर विषय में पाठ्यपुस्तक के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अन्य अधिगम संसाधनों को भी शामिल किया गया है तथा बच्चों के अधिगम की प्रगति के आकलन के तरीकों पर भी बात की गई है।

यह कैलेंडर लचीला और प्रस्तावित है, शिक्षक अपने राज्य के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए इससे लागू कर सकते हैं। यह कैलेंडर एनसीईआरटी के संकाय सदस्यों द्वारा ऑनलाइन तरीकों, जैसे– व्हाट्सएप, गूगल हैंगआउट और ज़ूम पर चर्चा और विमर्श कर अथक प्रयास करके बनाया गया है। ये सभी संकाय सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं।

इसे लागू करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् और राज्य शिक्षा विभागों को डायट के संकाय सदस्यों तथा विद्यालयों के प्राचार्यों को शामिल कर टीम तैयार करनी होगी, जो लगातार मोबाइल फ़ोन तथा अन्य उपलब्ध तकनीकी और सोशल मीडिया के साधनों का उपयोग कर फ़ॉलोअप करेंगे तथा समय-समय पर शिक्षकों को अकादमिक सहायता भी देंगे।

आशा है, यह कैलेंडर अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए घर पर ही इस कठिन समय में स्कूली शिक्षा को रुचिकर ढंग से प्रतिभागिता के साथ देने में उपयोगी सिद्ध होगा और इस चुनौतीपूर्ण समय के गुज़र जाने के बाद बच्चों को आसानी से स्कूल में उनकी नई कक्षाओं में आगे के अधिगम में सहायक होगा।

इस कैलेंडर में उत्तरोत्तर सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित हैं। यह सुझाव director.ncert.@nic.in तथा cgncert2019@gmail.com पर भेजे जा सकते है।

हृषिकेश सेनापति

निदेशक

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

नयी दिल्ली

अप्रैल 2020

संदेश

माननीय मानव संसाधन और विकास मंत्री द्वारा चार सप्ताह का वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर (एएसी) पहले जारी किया जा चुका है और इसे एनसीईआरटी की वेबसाइट http://ncert.nic.in/aac.html पर अपलोड किया गया है और इसे http://www.ncert.nic.in/pdf_files/Alternative_Academic_Calendar_primary_hindi-final.pdf इस लिंक से सीधे भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसे राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में पहले से ही कार्यान्वित किया जा रहा है। यह अगले आठ सप्ताहों के लिए प्राथमिक कक्षाओं के वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर का दूसरा भाग है। डीटीएच चैनल स्वयं प्रभा पर अंत: क्रियात्मक सत्र भी जारी हैं। इस कैलेंडर के उपयोग पर दिशानिर्देश प्रथम भाग (चार सप्ताह के वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर) में दिए गए हैं। कृपया चार सप्ताह के शैक्षणिक कैलेंडर की निरंतरता में इस कैलेंडर को कार्यान्वित करें।

टीम, एएसी
एनसीईआरटी

आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्; अनीता करवाल, *सचिव*, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी); मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सीबीएसई, राकेश सनवाल, *अवर सचिव,* (एमएचआरडी); एल. एस. चांगसन; *संयुक्त सचिव*, (एमएचआरडी); आर. सी. मीणा, *संयुक्त सचिव*, (एमएचआरडी); संतोष मल, *आयुक्त*, केंद्रीय विद्यालय संगठन; बिस्वजीत कुमार सिंह, *आयुक्त*, नवोदय विद्यालय समिति और *अध्यक्ष*, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान का देश भर में विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत की गई इस पहल में एनसीईआरटी को सहयोग, सुझाव और मार्गदर्शन देने के लिए आभार व्यक्त करती है।

परिषद्, इसके संघटकों जिनमें क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के *प्राचार्य*, केंद्रीय शैक्षिक प्रोद्यौगिकी संस्थान के *सयुंक्त निदेशक*, पंडित सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान के *संयुक्त निदेशक*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, अध्यापक शिक्षा विभाग, शैक्षिक मनोविज्ञान एवं शिक्षा आधार विभाग, कला एवं सौंदर्य बोध शिक्षा विभाग के *अध्यक्षों* तथा डीन *(अकादमिक)* का भी आभार प्रकट करती है, क्योंकि यह कार्य उनके और उनके संकाय सदस्यों के योगदान के बिना आकार नहीं ले पाता।

परिषद्, प्रूफ़रीडिंग और भाषा संपादन के लिए अतुल गुप्ता, *संपादन सहायक (संविदा)* एवं फ़ॉर्मेटिंग के लिए पवन कुमार बरियार, *डीटीपी ऑपरेटर,* हरिदर्शन लोधी, *डीटीपी ऑपरेटर (संविदा)* का हार्दिक आभार प्रकट करती है।

विषय-सूची

आमुख	*v*
संदेश	*vii*
कक्षा 1	**1**
गणित	1
हिंदी	7
अंग्रेज़ी	9
उर्दू	12
कक्षा 2	**14**
गणित	14
हिंदी	20
अंग्रेज़ी	22
उर्दू	25
कक्षा 3	**27**
गणित	27
हिंदी	34
अंग्रेज़ी	36
उर्दू	39
कक्षा 4	**41**
गणित	41
हिंदी	49
अंग्रेज़ी	51
उर्दू	54
पर्यावरण अध्ययन	56

कक्षा 5 **58**
गणित 58
हिंदी 66
अंग्रेज़ी 69
उर्दू 72
पर्यावरण अध्ययन 74

कला शिक्षा 76

स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा– प्राथमिक स्तर 89
(बच्चों को फ़िट और स्वास्थ रखने का समय)

कक्षा 1

गणित

सीखने के प्रतिफल	*संसाधन*	*सप्ताहवार सुझावात्मक गतिविधियाँ (अभिभावकों द्वारा अध्यापक के सहयोग से संचालित)*
बच्चे • वस्तुओं को 1 से 20 तक की संख्या में गिनते हैं। • 20 तक की संख्याओं की तुलना करते हैं। • दैनिक जीवन में 1 से 20 तक की संख्याओं को जोड़ते घटाते हैं। • ठोस वस्तुओं का उपयोग करके 9 तक संख्याओं को जोड़ते हैं। उदाहरण के लिए– 3 + 3 ज्ञात करने के लिए 3 से 3 कदम आगे गिनते हैं और निष्कर्ष निकालते हैं कि 3 + 3 = 6 होता है। • 1 से 9 तक की संख्याओं को घटाते हैं। उदाहरण के लिए– बच्चा 9 वस्तुओं के संग्रह से 3 वस्तुएँ निकालता है और शेष को 9 – 3 = 6 के रूप में गिनते हैं। • 20 तक की संख्याएँ पहचानते हैं और अंक लिखते हैं। • अपनी भाषा में विभिन्न ठोस/आकृतियों की भौतिक विशेषताओं, जैसे– बॉल रोल करती है, बॉक्स स्लाइड करता है, आदि का वर्णन करते हैं।	एनसीईआरटी/राज्य द्वारा विकसित पाठ्यपुस्तकें **कक्षा 1** के लिए गणित की पाठ्यपुस्तक *गणित का जादू* **अध्याय 1** आकार और स्थान **अध्याय 2** एक से नौ तक की संख्याएँ **अध्याय 3** योग करना यानी जोड़ना **अध्याय 4** घटाना **अध्याय 5** दस से बीस तक संख्याएँ **नंबर कार्ड** पेपर कार्ड पर एक तरफ़ संख्याएँ और दूसरी तरफ़ समान संख्या में डॉट्स। **डोमिनो कार्ड** पेपर कार्ड को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक भाग पर नौ डॉट्स से कम हैं। इन अध्यायों से संबंधित क्यूआर कोड एनआरओईआर पर उपलब्ध हैं।	**सप्ताह 5** **थीम**– 1 से 5 तक अंकों को पढ़ना और लिखना • शिक्षक/माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को अंक 1 से 9 तक पढ़ने और लिखने का प्रयास करने से पहले, उन्हें नौ तक की गिनती करने में बहुत आत्मविश्वास होना चाहिए। • अंकों का परिचय देने के लिए नंबर कार्ड का उपयोग करें और फिर बच्चों को अंकों से परिचित होने के बाद उसे लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। • बच्चों को 9 कार्डों का एक सेट दिया जा सकता है, प्रत्येक कार्ड में एक तरफ़ एक से 9 तक के अंक होते हैं और दूसरी तरफ़ कई डॉट्स होते हैं। चूँकि बच्चों डॉट्स की संख्या की गणना कर सकते हैं, इसलिए इसका उपयोग कार्ड पर अंक को पढ़ने में एक तरीके के रूप में किया जा सकता है। • बच्चों को कार्ड के दूसरी तरफ़ डॉट्स की गिनती करके पढ़ने और जाँच करने के लिए कहा जाए, वे इससे अंकों को पढ़ने का अभ्यास कर सकते हैं। • बच्चे अंकों के अभ्यास पर काम करते हुए अपने कार्ड का उपयोग प्रोप के रूप में कर सकते हैं। • जब बच्चों द्वारा अंकों की पहचान करने पर भरोसा हो जाता है, तब 1 से 5 तक की संख्याओं का अभ्यास कराएँ। यह कई तरह से किया जा सकता है, जैसे– रेत या मिट्टी पर उँगली से गड्ढे बनाकर। • बच्चे को खिलौनों की दुकानों में उपलब्ध संख्या के कटआउट दिए जा सकते हैं या कार्डबोर्ड या थर्मोकोल शीट से अपने कटआउट बना सकते हैं। **ई-सामग्री–** • https://diksha.gov.in/play/collection/o_31304206649376768011598?contentType=TextBook • https://diksha.gov.in/play/collection/do_31304206649376768011598?contentType=TextBook • https://diksha.gov.in/play/collection/do_31304206649376768011598?contentType=TextBook • https://diksha.gov.in/play/collection/do_31304206649376768011598?contentType=TextBook • https://diksha.gov.in/play/collection/do_31304206649376768011598?contentType=TextBook

सप्ताह 6

थीम– 6, 7, 8, 9 अंकों को पढ़ना और लिखना और शून्य की अवधारणा

- पिछले सप्ताह में 1 से 5 अंकों के लिए की गई इसी तरह की गतिविधियों को 6 से 9 अंकों के लिए नियोजित किया जा सकता है।
- अपनी तालिका में "शून्य" का परिचय कराने के लिए, कुछ वस्तुओं को पाँच की संख्या में प्राप्त करें। बच्चों से यह बताने के लिए कहें कि वे कितनी हैं। फिर एक को हटा दें, एक बाहर चला जाता है या ऐसा ही कुछ कहें, और पूछें "कितने बचे हैं?" जब अंतिम वस्तु को हटा दिया जाता है तो कक्षा में कुछ बच्चे 'शून्य' कह सकते हैं, अधिकांश द्वारा 'कुछ नहीं' कहने की संभावना होती है। आप शून्य के विचार को एक संख्या के रूप में यहाँ प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसका अर्थ है किसी संग्रह में किसी वस्तु न होना। उदाहरण के लिए, 'मेज़ पर शून्य पेन' कहने का आशय है कि मेज़ पर पेन अनुपस्थित है।
- जब बच्चों को शून्य का विचार समझ में आता है तो आप उनके सेट पर एक तरफ़ शून्य के साथ दूसरा कार्ड दे सकते हैं और इसके पीछे खाली होना चाहिए।
- जब बच्चे शून्य अंक के साथ अपनी पहचान में आश्वस्त हो जाएँ तब उन्हें लिखवाने का अभ्यास कराएँ।
- बच्चों से कहें कि वे बच्चों के चारों ओर लिखी संख्याओं, जैसे– रैपर, बिल, कैलेंडर, चार्ट आदि पर इस चिह्न की पहचान करें।

ई-सामग्री–

https://diksha.gov.in/play/collection/do_313002615273250816145?contentType=TextBook&contentId=do_31276668534544793613644

सप्ताह 7

थीम– संख्या के बोध का विकास करना और जोड़ना

- बच्चों के साथ संख्याओं की तुलना, किसके के बाद, किसके पहले, किसके बीच में क्या आता है, से संबंधित गतिविधियाँ करें।
- दो समूहों में वस्तुओं की एक से एक संगतता की कार्यनीति के माध्यम 'से अधिक' या 'से कम' या 'बराबर' जैसे शब्दों का उपयोग करें।
- दो संग्रहों के संयोजन और नए संग्रह में वस्तुओं की संख्या को पुनः गिनने के लिए कई बार दिखाएँ और अनुभव प्रदान करें। बच्चों को वस्तुओं के दो समूहों का संयोजन करने के लिए विभिन्न प्रकार की ठोस सामग्री को संभालने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। कुछ वस्तुएँ जमा करें, जैसे– पत्तियाँ, कंकड़, बीज आदि। उन्हें दो अलग-अलग समूहों में रखें और बच्चों को यह बताने के लिए कहें कि दो समूहों में कितनी वस्तुएँ हैं।

- एक ही तरह की वस्तुओं की अलग-अलग संख्या वाले दो चित्रों के कार्ड लें। छात्रों से यह बताने के लिए कहें कि कुल कितनी वस्तुएँ हैं।
- एक डोमिनोज़ लें, उदाहरण के लिए 3 से 4 डोमिनोज़। एक बच्चे से उसके दो हिस्सों के छेदों को गिनने के लिए कहें और फिर डोमिनोज़ में छेदों की कुल संख्या बताएँ।
- हर किसी के दैनिक जीवन में संख्याओं को जोड़ने के लिए कई अवसर होते हैं, जैसे– हमारे पास एक रैक में चार प्लेटें थीं और दूसरी में तीन थीं। दोनों रैक पर कुल मिलाकर कितनी प्लेटें हैं।

ई-सामग्री–

https://diksha.gov.in/play/collection/do_313002615273250816145?contentType=TextBook&contentId=do_3127666855040860161364 5

सप्ताह 8

थीम– संख्याओं का जोड़

- **जोड़ने के तथ्य**– जितने भी तरीकों से संभव है। उदाहरण के लिए– 5 ठोस वस्तुओं को चुनने के लिए कहें। फिर बच्चों से अलग-अलग संख्याएँ कई तरह से बनाने को कहें। नोटबुक पर एक संख्या लिखें, उदाहरण के लिए 7, और बच्चों को इसके लिए एक उत्तर देने के लिए कहें। फिर पूछें कि क्या और भी ऐसी संख्याएँ हैं, जिन्हें जोड़ने पर 7 आता है, जब तक कि सभी उत्तर सूचीबद्ध नहीं हो जाते, यह प्रक्रिया दोहराते रहें।
- **जोड़ने का विनिमेय गुण**– बच्चों को ठोस वस्तुओं का उपयोग करने के अलावा और फिर डोमिनोज़ की मदद से कम्यूटेटिव पहलू सीखने में मदद करें। प्रश्न पूछें, जैसे– 4 पेंसिल और 2 पेंसिल कुल मिलाकर कितनी पेंसिल होती हैं? 2 पेंसिल और 4 पेंसिल कुल मिलाकर कितनी पेंसिल होती हैं? ऐसे कई उदाहरण दें, ताकि बच्चा जोड़-घटाने के गुण को समझ सके। शब्द का परिचय देने और कम्यूटेशन गुण commutativity के बारे में अमूर्त प्रश्न पूछने की आवश्यकता नहीं है, बस समझना है कि क्या कोई पहले 2 चुनता है और फिर 4 या दूसरे तरीके से जोड़ता है, उत्तर एक ही रहेगा। इसके बाद में बच्चों को अधिक सुविधाजनक तरीके से संख्याओं को जोड़ने में मदद मिलती है जैसे कि 2 और 17 को जोड़ते समय बच्चों को 2 के आगे 17 की गिनती की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह 17 के आगे 2 गिनती से इसे जोड़ सकता है।
- **जोड़ में ज़ीरो**– एक कंटेनर लें और उसमें कुछ वस्तुएँ डालें। बच्चों को वस्तुओं को गिनने के लिए कहें। अब और तीन वस्तुओं को डालें और बच्चों से कहें कि तीन और वस्तुओं को जोड़ा गया है। उन वस्तुओं को गिनने के लिए कहें। एक और कंटेनर लें और उसमें पाँच वस्तुएँ डालें। कोई और वस्तु डालें। बच्चों को यह कहने के लिए कहें कि शून्य वस्तुओं को जोड़ा गया है। उन्हें कंटेनर में वस्तुओं को गिनने के लिए कहें। बच्चों को यह महसूस करने में मदद करें कि 'पाँच और शून्य केवल पाँच बनाते हैं'।

		अंत में, बच्चों को ठोस वस्तुओं का उपयोग किए बिना, दो संख्याओं को जोड़ना सीखना चाहिए। • किन्हीं दो संख्याओं को धीरे से बोलें, उदाहरण के लिए 2 और 4। बच्चों से पूछें कि 2 और 4 मिलकर कितने होते हैं। बच्चों को कहना चाहिए 6। यदि उत्तर गलत है, तो उन्हें सही उत्तर जानने में मदद करें, ठोस वस्तुओं का उपयोग करें और एक नंबर से आगे की गिनती करें। कई जोड़े संख्याओं के साथ इस प्रक्रिया को जारी रखें। • आगे की गिनती और पहले से ज्ञात अतिरिक्त तथ्यों का उपयोग करके 9 तक की संख्या जोड़ने के लिए विभिन्न तरीकों का पता लगाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_3129697450928209921438?contentType=TextBook&contentId=do_312936473289162752165 **सप्ताह 9** **थीम–** घटाना • कुछ वस्तुओं, जैसे– पत्ते, कंकड़, बीज इत्यादि को इकट्ठा करें। बच्चों से पूछें कि ये कितने हैं। संग्रह में से कुछ वस्तुओं को बाहर निकालें और बच्चों से यह बताने को कहें कि आपने कितनी वस्तुएँ ले ली हैं, और उनसे पूछें कि संग्रह में अब कितनी वस्तुएँ बची हैं। • अलग-अलग दो रंगों की लाल और पीली गेंद/पेंसिल लीजिए। बच्चों से पूछें कि गेंद/पेंसिल की संख्या कितनी हैं? कितनी लाल हैं? कितनी लाल नहीं हैं? • एक डोमिनो कार्ड लें। विद्यार्थियों से कार्ड के सभी छेद गिनने के लिए कहें। दो भागों में से एक को छिपाएँ। विद्यार्थियों से पूछें कि छिपे हुए भाग में कितने छेद हैं। विभिन्न डोमिनोज़ कार्ड के साथ इसे दोहराएँ। • विद्यार्थियों को ठोस वस्तुओं और चित्रों के साथ घटाने में पर्याप्त अनुभव प्राप्त होने के बाद, उन्हें एक संख्या को दूसरी संख्या से घटाने के लिए कहें। • अगले चरण में वे 4 – 2 = ? जैसी अमूर्त समस्याओं को हल कर रहे होंगे? **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_3129697450928209921438?contentType=TextBook&contentId=do_312936473329664000168 **सप्ताह 10** **थीम–** जोड़ और घटाने का उपयोग करते हुए समस्या का समाधान • एक बच्चे को मौखिक रूप से समस्याएँ पेश करें और उसे जवाब देने के लिए कहें। नमूने के रूप में कुछ उदाहरण नीचे दिए गए हैं। आप

		• बच्चों से इन समस्याओं को मानसिक रूप से सुलझाने के लिए कह सकते हैं। इसके आधार पर, आपको कई और समस्याओं को बनाने या विकसित करने की आवश्यकता है। • समस्याओं के उदाहरण– 1. नूरी के बॉक्स में 6 लाल पेंसिलें और 2 काली पेंसिलें हैं। बॉक्स में कुल कितनी पेंसिलें हैं? 2. एक बगीचे में आम के 4 पेड़ और नारंगी के 3 पेड़ हैं। बगीचे में कुल कितने पेड़ हैं? • किसी समूह से वस्तुएँ निकालने (या विभाजन करने) के आधार पर बड़ी संख्या में सरल समस्याओं का विकास करें और बच्चों को एक-एक करके उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहें। • बच्चों को ठोस सामग्री का उपयोग किए बिना, इन समस्याओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। मार्गदर्शन उद्देश्य के लिए, कुछ समस्याएँ नीचे दी गई हैं– 1. रीना के पास 4 सेब हैं। वह अपनी सहेली अंजू को 2 देती है। रीना के पास कितने सेब बचे हैं? 2. एक पेड़ पर तीन पक्षी बैठे हैं। एक पक्षी उड़ गया। पेड़ पर कितने पक्षी बचे हैं? • अपने उदाहरणों और अपने परिवेश के आधार पर अपनी शब्द समस्याओं के निर्माण के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें और उन्हें मौखिक रूप से हल करें। **सप्ताह 11** **थीम**– दस से बीस तक की संख्या 20 रुपए तक की राशि की कंक्रीट प्लेमनी का उपयोग करें। • विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और व्यावहारिक अनुभवों और ठोस वस्तुओं के उपयोग के माध्यम से बच्चों को 20 तक गिनती करना सिखाएँ। • बच्चों को 20 छोटी छड़ें इकट्ठा करने के लिए कहें, जो माचिस की तीली या झाड़ू हो सकती हैं, लंबाई में लगभग पाँच सेंटीमीटर होनी चाहिए। बच्चों से कहें कि दस छड़ों के एक बंडल को एक धागे से बांधकर या रबर-बैंड से बांधकर रखें। शेष दस छड़ें खुली रखें। • बच्चों को अपनी छड़ें अपने सामने रखने के लिए कहें और बंडल खोले बिना आपको 14 छड़ें देने के लिए कहें। • यदि बच्चा ऐसा करने में असमर्थ है तो आप दस छड़ों का बंधा हुआ एक बंडल और चार खुली छड़ें दिखाकर उनकी मदद कर सकते हैं। इस प्रकार ऐसा करते हुए कुछ समय बिताएँ और बच्चों को यादृच्छिक रूप से 13, 16, 19, 10, 14 और इतनी संख्याओं में छड़ें देने के लिए कहें।

		• जब बच्चा बंडल और छड़ों के रूप में 19 तक की संख्या को चुनकर देने के लिए आश्वस्त हो जाता है तो नोटबुक पर एक बंडल और सात छड़ें बनाएँ और बच्चों को कई छड़ें देने के लिए कहें और संख्या का नाम बताने के लिए कहें। अधिकांश बच्चों को एक या दो दिन में इसे करने में सक्षम होना चाहिए। • इसके बाद बच्चों को दहाई TENS और इकाई ONES के नीचे बंडलों और छड़ों की संख्या लिखने के लिए प्रोत्साहित करें, जैसे दो अंक वाले नंबर लिखे जाते हैं। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_3129697450928209921438?contentType=TextBook&contentId=do_312936473371713536166 **सप्ताह 12** **थीम**– आकार • बच्चों को स्पर्श और अवलोकन के अहसास के माध्यम से समानता और अंतर के आधार पर वस्तुओं को छाँटने के लिए कहें। • ठोस/आकार को छाँटने/वर्गीकृत करने में बच्चों द्वारा उपयोग की जाने वाली आकृतियों/मानदंडों के गुणों को मौखिक रूप से बताने में मदद करें। • पिछली गतिविधि के लिए बनाए गए संग्रह में से, गेंद या काँच की गोलियों को एक झुकी हुई सतह पर रखें और छात्रों को यह देखने के लिए कहें कि ये सतह से नीचे कैसे जाते हैं। • बच्चों को एक झुकी हुई सतह पर उनके चलने के आधार पर वस्तुओं को क्रमबद्ध करने के लिए कहें और उन्हें कुछ और ऐसी वस्तुओं का नाम बताने को कहें जो रोल या स्लाइड करती हैं। • बच्चों की आँखें बंद करें और उन्हें वस्तुओं में से एक वस्तु दें। इसे छूने और महसूस करने के लिए कहें और फिर अनुमान लगाने के लिए कहें कि क्या यह रोल करेगी या स्लाइड करेगी। • आकार किट बनाने के लिए बच्चों को अलग-अलग आकार, जैसे– त्रिकोण, वर्ग और गोले को काटने में मदद करें। अब उन्हें चित्रों/आँकड़े/डिज़ाइन/दृश्य बनाने के लिए इन आकृतियों का उपयोग करने के लिए कहें। • छात्रों को अपने आकार किट में आकारों को क्रमबद्ध करने और समान आकार के साथ मेल बनाने के लिए कहें। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_3129697450928209921438?contentType=TextBook&contentId=do_312936473201401856164

हिंदी

सीखने के प्रतिफल	*संसाधन (सभी सप्ताहों की गतिविधियों के लिए प्रस्तावित)*	*प्रस्तावित गतिविधियाँ (बच्चे इन गतिविधियों को अभिभावक/शिक्षक की मदद से करेंगे।)*
बच्चे • सुनी सामग्री, जैसे– कहानी, कविता,विभिन्न विषय आदि के बारे में बातचीत करते हैं, अपनी राय देते हैं, प्रश्न पूछते हैं। • भाषा में निहित ध्वनियों और शब्दों के साथ खेलने का आनंद लेते हैं, जैसे– इन्ना, बिन्ना तिन्ना। • चित्र के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का बारीक अवलोकन करते हैं। • चित्र मे या क्रमवार सजाए गए चित्रों में घट रही अलग-अलग घटनाओं, गतिविधियों और पात्रों को एक संदर्भ या कहानी के सूत्र में देखकर समझते हैं और सराहना करते हैं। • लिखना सीखने की प्रक्रिया के दौरान अपने विकासात्मक स्तर के अनुसार चित्रों, आड़ी-तिरछी रेखाओं (कीरम-काटे), अक्षर-आकृतियों, स्व-वर्तनी, इन्वेंटिड स्पेलिंग और स्व-नियंत्रित लेखन (कनवेंशनल राइटिंग) के माध्यम से सुनी हुई और अपने मन की बातों को अपने तरीके से लिखने का प्रयास करते हैं। • हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की आकृति और ध्वनि को पहचानते हैं। • स्वयं बनाए गए चित्रों के नाम लिखते (लेबलिंग) हैं।	**एनसीईआरटी या राज्य द्वारा बनाई गई पाठ्यपुस्तकें** घर में उपलब्ध पढ़ने-लिखने की सामग्री अन्य दृश्य- श्रव्य सामग्री, जैसे– इंटरनेट, वेबसाइट, रेडियो, टी.वी. आदि।	**सप्ताह 5** **विषय–** बातचीत करना/लिखना • बच्चों के साथ उनके मनपसंद गीत, कविताओं आदि को बच्चों के साथ गाइए, कहानियों की घटनाओं का अभिनय कीजिए। • गीत, कविता में आए शब्दों के आधार पर तुकांत शब्द बनवाइए, जैसे– बोल, खोल, मोल, सोल आदि। • बच्चों के साथ साफ़-सफ़ाई और स्वच्छता से रहने के तरीकों के बारे में बातचीत कीजिए। चाहें तो कोरोना के बारे में भी बातचीत की जा सकती है। बच्चों के साथ संवाद करते हुए कोरोना के बारे में उनकी जानकारी को बढ़ाया जा सकता है। • कोरोना कैसे फैलता है? फैलने के किन्हीं दो कारणों एवं उनके उपचार के बारे में बातचीत कीजिए और साथ ही बच्चों की जानकारी को बढ़ाइए। • कोरोना के बारे में हुई बातचीत को आधार बनाकर बच्चों से कोरोना से जुड़े चित्र बच्चों से बनाने के लिए कहें। चित्र के नीचे उसका नाम लिखने के लिए कहें। **कहानी/कविता सुनना और सुनाना** अपने परिवार में बड़ों, जैसे– दादा-दादी, भैया, दीदी, माता-पिता से बातचीत करें और उनसे अपनी पसंद की कहानियाँ सुनें। **सप्ताह 6** • बच्चों को अखबारों/पत्रिकाओं/टेलिविज़न में आ रहे घटनाक्रमों को देखने का अवसर प्रदान करें। • आप उनसे कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बारे में भी बातचीत कर सकते हैं। • बच्चों को बोलने का मौका दें तथा आप उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनें। • आप बच्चों से कहें कि वे प्रतिदिन के महत्वपूर्ण घटनाक्रम की सूची तैयार करें। • प्रतिदिन शाम को आप बच्चों द्वारा एकत्रित घटना पर उनसे बातचीत कर सकतें हैं। **सप्ताह 7** • तरह-तरह की कहानियों और कविताओं को चित्रों के आधार पर अनुमान लगाकर बच्चों को पढ़ने के अवसर उपलब्ध कराएँ। • (नन्दन, चंपक, सुमन सौरव एवं अन्य बाल पत्रिकाओं का उपयोग इस कार्य के लिए किया जा सकता है।)

		• बच्चों को इन पत्रिकाओं के माध्यम से नई-नई कहानियों, कविताओं को पढ़ने का अवसर उपलब्ध कराएँ। (उन्हें स्वतंत्रता दें कि कहानी/कविता के बारे में कुछ भी बात करनी हो तो सहज रूप में अपनी बात को उनके सामने रखें।) **सप्ताह 8** • बच्चों को वर्णमाला में से किसी भी एक अक्षर स्वयं ही चुनने के लिए कहें एवं उन अक्षरों की मदद से उन्हें चित्र बनाने का अवसर उपलब्ध कराएँ। • चित्र बनाने में बच्चे आनंद लेते हैं। उनसे यह कार्य विभिन्न समयांतरालों पर कराएँ। **सप्ताह 9** • विभिन्न शब्दों की सूची बच्चों के सामने उपलब्ध कराएँ। बच्चे इन्हें ध्यान से देखेंगे। • शब्दों को देखने के बाद बच्चों को अवसर दें कि वे उन शब्दों से संबंधित चीज़ों को अपने घर में ढूँढ़ें। • घर के किस स्थान पर पहले बताई गई चीज़ें रखी गई हैं।। उनकी सूची बच्चों से बनवाएँ। **सप्ताह 10** • बच्चों को प्रतिदिन विभिन्न शब्दों के साथ अन्त्याक्षरी खेलने का अवसर उपलब्ध कराएँ। • बच्चों से व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेलों के बारे में बात करें। • उनसे प्राप्त होने वाले व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेलों में आप स्वयं भी सहभागिता करें। (यहाँ इस बात का ध्यान रखा जाए कि प्रत्येक खेल घर के अंदर ही खेला जाना चाहिए।) **सप्ताह 11** • वर्तमान में कोरोना रोग से प्रभावित व्यक्तियों की सूची की जानकारी विभिन्न समाचार माध्यमों, जैसे– अखबार, टेलीविज़न, रेडियो, इंटरनेट आदि में दी जाती है। बच्चों को यह अवसर उपलब्ध • कराएँ कि वे भारत में प्रतिदिन इस रोग से संबंधित लोगों की सूची पहले बताए गए माध्यमों का प्रयोग करके तैयार करें। *नोट– बच्चों द्वारा उपरोक्त समाचार माध्यमों, जैसे– अखबार, टेलीविज़न, रेडियो, इंटरनेट आदि का प्रयोग करते समय अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है।* **सप्ताह 12** • बच्चों से अपने राज्य के आस-पास के राज्यों की जानकारी एवं उन राज्यों की खास चीज़ों की सूची बच्चों के माध्यम से तैयार करवाएँ।

English

Learning Outcomes	***Resource(s)***	***Week-wise Suggestive Activities (to be guided by Parents with the help of teachers)***
The learner • recites poem/ rhyme with action • listens to instructions and draws a picture. • carries out simple instructions • recognises letters and their sounds from a-z. • produces words with consonant blends such br, tr, dr • talks about situation in English	**NCERT/State Textbook of English Language for Class I** or other resources • Story Books, Links as given, different objects available at home	**WEEK 5** **Theme:** Health and Hygiene Link https://www.youtube.com/watch?v=NW4QvPPSksU **Activity:** The learner may be facilitated to listen to the poem. With a second listening, learners may say the words along with the audio learners would enjoy the repetition 'dry, dry, dry' and 'shake, shake, shake'. The parents interact with the learners on living beings and plants that are found in water. Later the learner may be encouraged to draw and colour any one or two. Learners may be given simple instructions in English such as 'After a bath do not throw wet towel on the floor', 'Hang it up to dry', in the interest of health and hygiene. **WEEK 6** **Theme:** The world of sounds **Link** http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?aerd1=0-19 A long strip of thick paper should be made, using an old calendar or greeting card by cutting up and pasting / stapling. The parent involves the learner in the activity (but not to handle scissors). The alphabet is small letters a-z to be hung prominently. The learner may be encouraged to look, trace with finger, and say aloud. The parent help the child to notice certain words in the poem: 'try', 'dry'. The learner may be encouraged to say more such words such as 'brother', 'train', etc. The parent shows the leaner certain objects such as leaf, feather, pebble, straw, marble, paper etc. and ask which of these would float/sink in water. The learner may be facilitated to experiment, with adult supervision. If the learner uses non- English words, the parent should not punish him/her but bring the learner progressively to English, in naming the objects and in using the verbs float/sink. **WEEK 7** **Theme:** The world of sounds A long strip of thick paper should be made, using an old calendar or greeting card by cutting up and pasting / stapling.

• recognises their sounds from A –Z • listens to English words and simple sentences • uses prepositions like 'on' 'in' 'under'		The parent involves the learner in the Activity (but not to handle scissors). The alphabet is small letters a-z to be hung prominently. The learner may be encouraged to look, trace with finger, and say aloud. The parent interacts with the learner about the importance of switching off fans/lights when not required, in English / mother-tongue. Then parent uses English phrases 'Switch off ', 'Switch on' and encourages the learner to use such phrases/sentences. The parent makes use of a key chain/small toy/ large handkerchief which can be hung on a peg/door/railing/tree to introduce the preposition ON. Learners may also collect waste paper to throw IN the dustbin, which is kept UNDER the table/sink etc.
		WEEK 8
• differentiates between small and capital letters • identifies characters and sequence in a story.		**Theme:** Linguistic Diversity Learners may be facilitated to differentiate between small and capital letters, to recognise and say them, using any old English newspaper. The story 'Lalu and Peelu' may be shown to the learner. The same story is in Rimjhim, the Hindi textbook; that may also be shown, and then move on to English version. Role-play of the story may be done, with other siblings or across the window with a neighbour's child.
		WEEK 9
• writes simple words in English. • associates words with pictures.		**Theme:** Love for Nature The parent may draw small pictures or show picture of dog, hen, cat, pig, ant, and so on. The first and the last letters of the word may be provided if need be, and gradually learners may be encouraged to write complete words. Since students are at home, real objects may be used instead of/ along with pictures; such as banana, apple, grape, leaf, bird etc. Learners may be encouraged to name the object as well as the colour. The parent may also talk about different kinds of leaves: on the banana tree, grapevine, apple tree etc.
		WEEK 10
		Theme Love for animals/birds/ all living creatures The parent may tell a folk story in mother tongue, with questions in between to ensure that learner has understood; The theme to be on love and care for animals/birds/ living

• responds orally in any language including sign language to comprehension questions related to stories. • uses prepositions • listens to English words and sentences and responds in English. • recites poems/ rhymes in English. • talks about self/situations in English. • names familiar objects • associates words with pictures • talks about situation/ pictures.		creatures. The same may be repeated after a few days, introducing English words and phrases. Role-play may be done with older siblings. The parent may talk to the learners about the importance of washing hands, using the prepositions 'before' and 'after' with examples in context. **WEEK 11** **Theme** The world of colours The parent interact with the learner about the house they live in, specially ceiling roof, wall, door, etc., to help learner recall words for colour. **Link** http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?aerd1=0-19 The parent searches for and encourages learner to recite poems associated with colours. One is found in Raindrops Book I, at the above link. The parents talks to learners about road safety measures for vehicles and pedestrians, to familiarize the learner with English words, such as, 'traffic,' 'red,' 'green,' etc. **WEEK 11** **Theme** Love for Nature Parents facilitates the learner to recall and name familiar objects using English words such as pen, book, chair, plate, etc. The parent draws pictures to help learners identify them and write the beginning sound, as e.g. cow, cat, cap, etc. The learner may be shown the view/ picture of a park / garden from the window/balcony/ using pictures from an old magazine or calendar. Learner may describe it using English words as far as possible.

Urdu

ہفتہ وار مجوزہ سرگرمیاں (Week-wise Suggestive Activities)	ماخذ (Source)	آموزشی ماحصل (Learning Outcomes)
ہفتہ-5 موضوع –حروف کی شناخت،تصویروں کی مدد سے اندازہ لگانا 1۔ اردو حروف تہجی سے کسی ایک حرف کا انتخاب کرنے کے لیے بچوں سے کہیے۔ اور اس حرف سے شروع ہونے والے الفاظ بتانے کے لیے کہیے۔ 2۔ منتخب کیے ہوئے حرف سے شروع ہونے والے لفظ جو کسی چیز، سامان یا جاندار کا نام ہوسکتا ہے، کی تصویر بناے کے لیے کہیے ۔ بچے تصویر بنانے میں دلچپی لیتے ہیں۔ 3۔ اسی طرح کسی دوسرے حرف کا انتخاب کرنے کے لیے کہیے اور اس کی مدد سے تصویر بنانے کے لیے بھی کہا جاسکتا ہے۔ بچوں کی بنائی تصویر کے بارے میں ان سے بات چیت کی جاسکتی ہے۔ 4۔ دیے گئے لنک کی مدد سے حروف اور ان سے متعلق تصاویر پر غور کیا جا سکتا ہے: (i) http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?aulb1=0-27 (ii) http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?fujp1=0-32 (iii) http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?gudp1=0-26 ہفتہ-6 موضوع – گفتگو کرنا اور پڑھنا 1۔ اپنے گھر کے افراد کے ساتھ اپنی پسند کا کوئی گیت ، نغمہ یا نظم گائیے۔ اس گیت، نغمے یا نظم میں آئے الفاظ میں سے کسی ایک لفظ کا انتخاب کیجیے اور اس جیسی آواز والے دوسرے الفاظ بتائیے جیسے لگانا، جانا، آنا، زمانا، بنانا، جگانا، سجانا، خزانا، لانا، بتانا وغیرہ۔ 2۔ اپنے آس پاس کی چیزوں کے بارے میں اپنے بڑوں سے بات چیت کیجیے اور ان کے بارے میں سوال کیجیے۔ ہفتہ-7 موضوع – مختلف موضوعات پر اظہار خیال کرنا 1۔ٹیلی ویژن پر دکھائے جا رہے کسی پروگرام کو دیکھیے اورگھر کے افراد کے ساتھ اس کے بارے میں گفتگو کیجیے۔ گھر کے بڑوں کو چاہیے کہ وہ بچوں کو بولنے کا زیادہ سے زیادہ موقع دیں اور ان کی باتوں کو غور سے سنیں۔ 2۔ روزانہ کے اہم واقعات کی فہرست تیار کیجیے اور روزانہ شام کے وقت ان واقعات پر گھر کے افراد کے ساتھ گفتگو کیجیے۔ ہفتہ- 8 موضوع – مشاہدہ کرنا اور تحریر کرنا 1۔ الگ الگ الفاظ کی فہرست تیار کیجیےاور یہ دیکھیے کہ ان لفظوں والی چیزیں گھر کے اندر کہاں کہاں رکھی ہیں۔ انھیں تلاش کیجیے۔ 2۔ گھر کے کسی حصہ جیسے باورچی خانہ، غسل خانہ، اسٹور روم، ڈرائنگ روم میں رکھی چیزوں کو بغور دیکھیے ، ان کی فہرست بنایئے اور گھر کے افراد کو دکھایئے۔ ہفتہ- 9 موضوع – صاف صفائی کے بارے میں بات چیت کرنا 1۔ صفائی ستھرائی کے طریقوں کے بارے میں اپنے گھر کے افراد کے ساتھ گفتگو کیجیے۔	این سی ای آر ٹی/ ریاست کی درسی کتب	1۔ تصویروں کے ذریعے پڑھنے کی کوشش کرتے ہیں۔ 2۔ دوسروں کی باتوں کو توجہ اور غور سے سنتے ہیں۔ 3۔ آسان اظہارِ خیال کو سمجھتے اور سوالات کرتے ہیں۔ 4۔ اپنی زبان میں اپنی رائے ظاہر کرتے ہیں۔

مثال کے طور پر کورونا کس طرح پھیلتا ہے؟ اور ہمیں اس سے محفوظ رہنے کے لیےکون کون سی تدابیر اختیار کرنی چاہیے۔ 2۔ بچوں سے بات چیت کرتے ہوئے کورونا کے بارے میں ان کی معلومات میں خاطر خواہ اضافہ کیا جاسکتا ہے۔ 3۔ کوروناپھیلنے کےدو وجوہات اور ان کے علاج کے بارے میں گفتگو کیجیےاور بچوں کی معلومات میں بھی اضافہ کیجیے۔ 4۔ کورونا کے بارے میں گفتگو کی بنیاد پر بچوں سے کورونا سے متعلق تصاویر بنانے کے لیے کہیے۔ تصویر کے نیچے اس کا نام لکھنے کے لیے بھی کہیے۔ **ہفتہ -10** موضوع – پڑھنا اور لکھنا 1۔ بچوں کو طرح طرح کی نظموں کہانیوں کو تصویروں کی بنیاد پر اندازہ لگاکر پڑھنے کے مواقع فراہم کیجیے۔اس مقصد کے لیے پیامِ تعلیم، بچوں کی دنیا، گل بوٹے اور بچوں کے دوسرے رسالے استعمال کیے جاسکتے ہیں۔ 2۔ اخبار میں شامل بچوں کے لیے خصوصی گوشے کو بھی استعمال میں لایا جا سکتا ہے۔ 3۔بچوں کے لیے رسالوں اور اخبار کے ذریعے بچوں کو نئی کہانیاں اور نظمیں پڑھنے کا مواقع فراہم کیجیے۔ 4۔ بچوں کو ان کی پسند کی کہانی / نظم کے بارے میں کچھ بھی بولنے کی آزادی دیجیے تاکہ بے خوف ہوکروہ اپنی رائے ظاہر کرسکیں۔ 5۔ بچوں کو این سی ای آر ٹی کی ویب سائٹ پر موجود اردو میں برکھا سیریز کی کہانیاں مہیا کرائی جائیں اور تصویروں کی مدد سے اندازہ لگا کر کہانی کو سمجھنے میں مدد کی جائے۔ **ہفتہ -11** موضوع – پڑھنا اور لکھنا 1۔ ایسے الفاظ کی فہرست بچوں کو دیجیے جس میں س اور ش ، ج اور ز ،گ اور غ کی آوازوں والے الفاظ شامل ہوں۔ 2۔ ان الفاظ کی آوازوں میں فرق کے بارے میں بچوں کے ساتھ گفتگو کیجیے۔ ان آوازوں کے مخارج بھی بتائیے۔ 3۔ ایسے الفاظ تلاش کرنے میں بچوں کی مدد کیجیے جن میں یہ آوازیں شامل ہوں جیسے جلیل اور ذلیل،سر اور شر، باگ اور باغ وغیرہ۔ **ہفتہ -12** موضوع –کہانی سننا اور گفتگو کرنا 1۔ اپنے گھر کے بڑوں جیسے دادا، دادی، نانا، نانی، امی، ابو، بھائی، باجی وغیرہ سے بات چیت کیجیے اور ان سے اپنی پسند کی کہانی سنانے کے لیے کہیے۔ 2۔ آپ بھی کوئی کہانی سنائیے اور اپنے بڑوں کو موقع دیجیے کہ وہ سوال پوچھیں اور آپ ان کا جواب دیں۔ 3۔ سنی یا سنائی گئی کہانی میں آپ کو سب زیادہ اچھی بات کون سی لگی اور کیوں؟ اس کے متعلق گفتگو کیجیے۔		

कक्षा 2

गणित

सीखने के प्रतिफल	*संसाधन*	*सप्ताहवार सुझावात्मक गतिविधियाँ (अभिभावकों द्वारा अध्यापक के सहयोग से संचालित)*
बच्चे • दो अंकों की संख्या के साथ काम करते हैं। • 99 तक की संख्या के अंक पढ़ते और लिखते हैं। • दो अंकों की संख्या को लिखने और तुलना करने में उनकी जगह के मूल्य का उपयोग करते हैं। • दिए गए अंकों की पुनरावृत्ति के साथ और पुनरावृत्ति के बिना, सबसे बड़ी और सबसे छोटी दो अंकों की संख्या बनाते हैं। • समान गैर-मानक इकाइयों, जैसे– रॉड/पेंसिल, कप/चम्मच/बालटी आदि का उपयोग करके कंटेनरों की लंबाई और दूरी/क्षमता का अनुमान और माप करते हैं। • साधारण तुला का उपयोग करते हुए वस्तुओं को भारी/हलका के रूप में तुलना करते हैं। • बुनियादी त्रि-आयामी और द्वि-आयामी आकृतियों की अवलोकन योग्य विशेषताओं के साथ उनका वर्णन करते हैं। • बुनियादी त्रि-आयामी आकार, जैसे– क्यूबॉइड, सिलेंडर, शंकु और स्फ़ीयर की पहचान उनके नामों से करते हैं।	**एनसीईआरटी/राज्य द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकें** गणित कक्षा **2** की पाठ्यपुस्तक *गणित का जादू* **अध्याय 3** आप कितना ले जा सकते हैं? **अध्याय 4** दहाई में गिनती **अध्याय 5** पैटर्न **अध्याय 6** पद चिह्न **अध्याय 7** जग और मग इन अध्यायों से संबंधित क्यूआर कोड सामग्री एनआरओईआर पर उपलब्ध हैं।	**सप्ताह 5** **थीम**– संख्या का महत्व • बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के साथ गिनती में व्यस्त रखें। उदाहरण के लिए– आप अपने दाहिने पैर पर या अपने बाएँ पैर पर, बिना गिरे कितनी बार कूद सकते हैं। • बच्चों को विभिन्न वस्तुएँ दिखाएँ और उन्हें उन वस्तुओं की संख्या का अनुमान लगाने के लिए कहें और फिर वास्तव में उन्हें गिनें। उदाहरण के लिए– बिस्कुट का एक पैकेट दिखाएँ और पूछें कि आपको क्या लगता है कि इस पैकेट में बिस्कुटों की संख्या 20 से कम या 20 से अधिक है और फिर उनकी गिनती करें। • अध्यापक/माता-पिता संख्या के क्रम का उपयोग करके डॉट्स के क्रमिक जुड़ाव की वर्कशीट तैयार कर सकते हैं। इससे बच्चों को क्रम में संख्या के नामों को याद करने में मदद मिलेगी और बच्चों में आगे बढ़ने की भावना भी बनेगी। • बच्चों को परिवार के सदस्यों के साथ 99 तक की संख्याओं को सुनाने की गतिविधियों में शामिल करना, जैसे– एक संख्या को छोड़ना और फिर अगली संख्या को कहना या पाँच के अंतराल के साथ गिनती करना, उलटे क्रम में संख्या बोलना या पूछना कि 50 और 55 के बीच क्या आता है आदि। • माता-पिता अपने परिवार के मज़ेदार समय में क्रमिक संख्याओं के उपयोग के लिए गतिविधियाँ तैयार कर सकते हैं। उदाहरण के लिए– परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बच्चों को एक पंक्ति में खड़ा करना। कुछ संदर्भ बिंदु के संबंध में उन्हें पहले, दूसरे, तीसरे आदि पद असाइन करें। उन्हें दिलचस्प कार्य करने के लिए दें, जैसे 'तीसरा व्यक्ति, अपने साथी को गुदगुदी करें', 'दूसरा व्यक्ति, अपनी नाक पकड़ेगा' आदि। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_312969822142676992155?contentType=TextBook&contentId=do_31293658019624550411 93 **सप्ताह 6** **थीम**– आप कितना ले जा सकते हैं? • बच्चों को भारी और हलकी वस्तुओं की अवधारणा का उपयोग करके कहानी कहने में शामिल किया जा सकता है।

		• उदाहरण के लिए– एक ऐसा दृश्य बनाएँ जहाँ विभिन्न जानवर सीसॉ पर खेलते हैं और बच्चों को शामिल करते हुए कहानी में उन जानवरों की जगह कुछ अधिक भारी जानवरों से बदलें। • बच्चों को उन चीज़ो को सूचीबद्ध करने के लिए कहें, जिन्हें वे उठाते हैं। वे चीज़े जो उनके माता-पिता या छोटे भाई-बहन उठा सकते हैं आदि। उन्हें सोचने के लिए कहें कि वे पानी से भरी बालटी क्यों नहीं उठा सकते, लेकिन आपकी माँ उठा सकती हैं। बच्चों को भारी और हलके की अवधारणा को सत्यापित करने में मदद करें। • बच्चों को अपने हाथों से पकड़कर, विभिन्न फलों, बर्तनों, किताबों आदि के वजन का अनुभव करवाएँ, साथ ही विभिन्न चीज़ों के वज़न की तुलना भी करने के लिए कहें जो कि भारी हैं। • बच्चों को लगभग एक समान वज़न की वस्तुओं को खोजने के लिए कहें। उन्हें विभिन्न वस्तुओं को उठाकर उनका पता लगाने दें। **सप्ताह 7** **थीम**– वस्तुओं को तौलना • माता-पिता की मदद से बच्चे छड़ी, धागा और दो पैन का उपयोग करके एक सरल तुला (तराजू) बना सकते हैं। यदि छड़ी उपलब्ध नहीं है, तो एक लंबे रूलर का भी उपयोग किया जा सकता है। • बच्चों को यह देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि पैन में रखी हुई हलकी वस्तु की तुलना में भारी वस्तु के साथ पैन नीचे कैसे जाता है। उन्हें इस अनुभव को मौखिक रूप से बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि गेंद की तुलना में संतरे के साथ पैन नीचे क्यों जाता है। • बच्चों को विभिन्न चीज़ों, फलों, बर्तनों, खिलौनों और अन्य वस्तुओं के वज़न की तुलना उनके हाथों से पकड़कर और फिर उनके द्वारा बनाए गए तराज़ू में करने दें। • दोनों पैन को संतुलित करने के लिए वस्तुओं को बदलने में उनकी मदद करें। एक बच्चा पैन को संतुलित करने के लिए चीज़ो के संयोजन का उपयोग कर सकता है। उन्हें अनुमान लगाने दें कि कौन सी चीज़े एक-दूसरे को संतुलित करेंगी। • उन जानवरों के बारे में बात करें, जिनका उपयोग चीज़ों को ले जाने के लिए किया जाता है और वे कितना वज़न ले जा सकते हैं। • इसी तरह की बातों पर वर्कशीट भी तैयार की जा सकती हैं, जैसे– भारी वस्तु पर टिक करना, हलके सामान को कलर करना, लेकिन यह ठोस वस्तुओं के साथ विभिन्न अनुभवों के बाद दिया जाना चाहिए।

सप्ताह 8

थीम– आकारों का पता लगाना

- बच्चों को कुछ चीज़ें, जैसे– पत्ते, कंकड़, एक छड़ी, एक चूड़ी इकट्ठा करने और उन्हें उनकी नोटबुक पर ट्रेस करने के लिए कहें।
- अलग-अलग बर्तन लें और उन्हें विभिन्न सतहों से ट्रेस करें। बाउल की ट्रेसिंग करने पर आपको एक ही बाउल के दो अलग-अलग निशान कैसे मिले?
- दो अलग निशान पाने के लिए कटोरे को कैसे रखा? अन्य चीज़ों को भी देखें, जिनसे कई अलग-अलग निशान बन सकते हैं।
- परिवार के विभिन्न लोगों के हाथों का ट्रेस एक कागज़ में किया जाता है। बच्चों से यह अनुमान लगाने के लिए कहें कि बच्चे के हाथ, उसकी माँ, उसके पिता आदि की रूपरेखा कौन-कौन सी है।
- बच्चों को कुछ चीज़े इकट्ठा करने में मदद करें, जैसे– आलू, बॉटल कैप, माचिस का आवरण, शार्पनर, इरेज़र, चम्मच, बस टिकट, सिक्का, पुआल इत्यादि और इन्हें ट्रेस करें। बच्चों से इसी तरह के निशान का मिलान करने के लिए कहें, जैसे कि आपके द्वारा किए गए प्रत्येक ट्रेस के आकार को देखें। देखें कि क्या यह यहाँ दी गई किसी भी आकृति की तरह दिखता है।

सप्ताह 9

थीम– द्वि-आयामी आकार– वृत्त, त्रिकोण, आयत

- आकार के नीचे की चीज़ का नाम लिखने के लिए बच्चों को एक टेबल तैयार करने में मदद करें।
- बच्चों को आकृतियों में अंतर और समानता देखने में मदद करें, जो ट्रेसिंग के बाद सामने आए हैं। बॉक्स और इरेज़र के बीच आकृतियों में क्या-क्या समान है? इन्हें एक ही कॉलम में रखा गया है।
- बच्चों को उतनी आकृतियाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करें, जितना वे कर सकें।
- बच्चों को शब्दों का उपयोग करने में हमारी मदद की आवश्यकता होती है, जैसे– वृत्त, चौकोर, आयत आदि, ताकि ये बच्चों की शब्दावली का हिस्सा बन जाएँ। यह विभिन्न वस्तुओं से प्राप्त आकृतियों को सामान्य करके किया जा सकता है।
- बच्चों को अलग-अलग आकृतियों के त्रिकोण, चौकोर, वृत्तों और संयोजनों का उपयोग करके चित्र/दृश्य बनाने और एक विशेष शेड के साथ एक विशेष आकार को रंगने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

		• माता-पिता को विभिन्न आकारों के विभिन्न आकारों को काटकर कागज़ के गहने बनाने में मदद करने के लिए भी कहा जा सकता है। • बच्चों के साथ चित्र बनाने की गतिविधियाँ निर्देश देने वाली भी की जा सकती हैं, जैसे– 1. पहले चेहरे पर आयताकार का चश्मा बनाएँ। 2. दूसरे चेहरे पर 'त्रिभुज' आकृति की मूँछें लगाएँ। 3. तीसरे चेहरे पर 'वृत्त' का मुँह बनाएँ। **सप्ताह 10** **थीम**– पैटर्न • बच्चों को कपड़े/साड़ी/पर्दे इत्यादि पर विभिन्न पैटर्न और डिज़ाइन के अवलोकन का अवसर दें, और घर में अन्य चीज़े, जैसे– लोहे की ग्रिल, टाइल्स, खिड़की, दरवाज़े की ग्रिल आदि। • किसी डिज़ाइन/पैटर्न में दोहराव की एक इकाई खोजने के लिए बच्चों की मदद करें। • बच्चों को पैटर्न के अनुभव को मौखिक रूप से बताने में मदद करें, जैसे– वह आपसे सवाल पूछती है, जैसे आपको लगता है कि इस डिज़ाइन में कुछ डिज़ाइन दोहराए जा रहे हैं। • भिंडी, आलू, धागे का उपयोग करके या अन्य प्रकार की मुहर लगाकर बच्चों को विभिन्न पैटर्न/चित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। • बच्चे पत्तियों, फूल, चम्मच, माचिस की तीलियों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के पैटर्न बना सकते हैं, जैसे– एक खड़ी और दूसरी क्षैतिज, दो ऊपर की ओर, फिर दो नीचे की ओर आदि। • बच्चे अपनी नोटबुक में विभिन्न आकृतियों, तीरों, स्टिकर और रंगों का उपयोग करके पैटर्न भी बना सकते हैं। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_312969822142676992155?contentType=TextBook&contentId=do_3129365801989898241209 **सप्ताह 11** **थीम**– संख्याओं के साथ काम करना (99 तक) • बच्चों के साथ 'साँप और सीढ़ी' खेलें और संख्याओं और उनके संबंधों के बारे में अनौपचारिक चर्चा करें, जैसे– 'सीढ़ी तक पहुँचने के लिए आपको कितने कदमों की आवश्यकता है?', 'किस नंबर पर निकटतम/सबसे लंबा साँप है?', 'पासे पर कौन सी संख्या आने से आप साँप पर आ जाएँगे?' आदि।

- बच्चों को प्ले कार्ड्स का उपयोग करके या उस पर लिखे गए 0 से 9 नंबरों के साथ अपने स्वयं के पेपर कार्डों का उपयोग करके (दिए गए अंकों की पुनरावृत्ति के साथ और पुनरावृत्ति के बिना) दो फ़ार्म नंबर बनाने के लिए कहें। इसे एक ऐसे खेल में भी परिवर्तित किया जा सकता है, जो सबसे बड़ी/सबसे छोटी संख्या बनाएगा वह जीतेगा। बच्चों के साथ चर्चा करें कि कौन-से सबसे बड़े और सबसे छोटे दो समान/अलग अंकों के साथ बन सकते हैं।
- बच्चों को स्किप काउंटिंग, दो, पाँच, दस इत्यादि के समान काउंटिंग का उपयोग करके सरल संख्या पैटर्न बनाने के लिए कहें, और पैटर्न की पहचान करने और इसे विस्तारित करने में उनकी मदद करें।
- बच्चों को 1 से 100 तक की गिनतियों से नंबर ग्रिड बनाने और ग्रिड में अलग-अलग पैटर्न का पालन करने के लिए कहा जा सकता है, जैसे– 7 से ऊपर 17, फिर 27, 37, 47 इत्यादि।
- बच्चों को एक नंबर ट्रेन/नंबर स्ट्रिप बनाने और अलग-अलग रंगों को रंगने के लिए कहा जा सकता है, जैसे– 5, 10 आदि।

ई-सामग्री–

https://diksha.gov.in/play/collection/do_312969822142676992155?contentType=TextBook&contentId=do_31293658019027353611 83

सप्ताह 12

थीम– जग और मग

- जब आप बच्चों को नींबू पानी या कोई अन्य स्थानीय पेय बनाने में शामिल करते हैं, तो उसे एक नींबू, आधा नींबू और चम्मच में बूँदों की संख्या गिनने के लिए कहें।
- प्रश्न पूछें, जैसे– एक गिलास के लिए, एक नींबू की आवश्यकता होती है, छह गिलास के लिए कितने नींबू की आवश्यकता होती है आदि।
- बच्चों को विभिन्न बोतलों को एक ही कप या गिलास से भरने में मदद करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन-सी बोतल में सबसे कम पानी है और कौन सी बोतल में सबसे अधिक पानी है।

अनुमान लगाना सीखना

- बच्चों को एक ही कप से अलग-अलग बर्तन भरने के लिए कहें, जैसे– जग, ग्लास, मग, पॉट, कटोरा और उन्हें भरने के लिए आवश्यक कपों की संख्या को गिनें और एक टेबल तैयार करने में मदद करें। बच्चों को घर के विभिन्न बर्तनों की क्षमता की तुलना करने में व्यस्त रखें और उनके संबंधों का पता लगाएँ।

		• बच्चों को 'प्यासे कौए' की कहानी पढ़ाई जा सकती है। वही दिखाने के लिए बच्चों को आधे भरे गिलास में इमली के बीज या पत्थर डालकर दिखाया जा सकता है, जिससे पानी ऊपर आ जाता है। • बच्चों को उनके घर में नहाने, कपड़े धोने, बर्तन धोने, पीने आदि जैसी प्रत्येक गतिविधियों के लिए कितना पानी (मग या बालटियों में) उपयोग किया जाता है, इसे गिनने के लिए कहें। **ई-सामग्री–** https://diksha.gov.in/play/collection/do_312969822142676992155?contentType=TextBook&contentId=do_31293658020397056012 10

हिंदी

सीखने के प्रतिफल	*संसाधन (सभी सप्ताहों की गतिविधियों के लिए प्रस्तावित)*	*प्रस्तावित गतिविधियाँ (बच्चे इन गतिविधियों को अभिभावक/शिक्षक की मदद से करेंगे।)*
बच्चे • विविध उद्देश्यों के लिए अपनी भाषा अथवा/और स्कूल की भाषा का इस्तेमाल करते हुए बातचीत करते हैं, जैसे– जानकारी पाने के लिए प्रश्न पूछना, निजी अनुभवों को साझा करना, अपना तर्क देना आदि। • कही जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से सुनकर अपनी भाषा में बताते/सुनाते हैं। • देखी, सुनी बातों, कहानी, कविता आदि के बारे में बातचीत करते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। • अपनी निजी ज़िदगी और परिवेश पर आधारित अनुभवों को सुनाई अथवा दिखाई जा रही सामग्री, जैसे– कविता, कहानी, पोस्टर, विज्ञापन आदि से जोड़ते हुए बातचीत में शामिल करते हैं। • अपनी कल्पना से कहानी, कविता आदि कहते/सुनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं।	**एनसीईआरटी या राज्य द्वारा बनाई गई पाठ्यपुस्तकें** घर में उपलब्ध पढ़ने-लिखने की सामग्री अन्य दृश्य-श्रव्य सामग्री, जैसे– इंटरनेट, वेबसाइट, रेडियो, टीवी, अखबार, पोस्टर, बैनर और चित्र आदि	**सप्ताह 5** • बच्चों से कहें कि वे अपने दोस्तों के नाम लिखें और उनके नामों के आगे लिखें कि वे उनके साथ क्या काम करना पसंद करेंगे? • बच्चों से अपने दोस्तों के नाम, उनके परिवार, उनकी पसंद-नापसंद के बारे में लिखने के लिए कहा जा सकता है। अगर वे चाहें तो ऐसे वाक्य लिखने में बच्चों की मदद की जा सकती है। • बच्चों को अपने आस-पास के लोगों को जानने एवं समझने का मौका दीजिए। • अगर पास-पड़ोस के घर में कोई बीमार है अथवा उनके घर में खाने का सामान ख़त्म हो गया है तो आप इन पड़ोसियों की मदद कैसे कर सकते हैं, इस पर बच्चों से चर्चा करें। • अपने प्रतिदिन के क्रियाकलापों की सूची बनाने के लिए बच्चों को कहा जा सकता है। **सप्ताह 6** • प्रतिदिन दस-दस शब्दों की सूची बच्चों को दीजिए, उन्हें इन शब्दों को स्वर एवं व्यंजन वर्णरूपी खानों में सजाने के लिए कहें। • सप्ताह के अंतिम दिन बच्चों से इन खानों में जमा शब्दों को प्रयोग करके एक कहानी बनाने के लिए कहें। **सप्ताह 7** • समाचार के विभिन्न माध्यमों से सुनी गई घटनाओं को बच्चों से मौखिक रूप से बताने के लिए कहें। • प्रतिदिन सुनाई गई घटनाओं में से किसी एक घटना से संबंधित कुछ शब्दों को बच्चों से लिखने के लिए कहें। *(अभिभावक के रूप में शब्दों को लिखने में आप बच्चों की मदद कर सकते हैं।)* **सप्ताह 8** • बच्चों को प्रतिदिन अखबार/पत्रिका/टेलीविज़न देखने के बाद अपनी पसंद के चित्र बनाने के लिए कहें। • लॉकडाउन में बच्चों ने घर में रहकर क्या-क्या किया है, इस बारे में वे अपने परिवार से चर्चा करें।

